# मोदी-अमित शाह ने भारत का नाम विश्व पटल पर गौरान्वित किया : गुप्ता

- देश में बहुत से प्रधानमंत्री हुए लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी और ओजस्वी गृहमंत्री अमित शाह ने देश को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया: केके गुप्ता
- भाविप सुभाषचंद्र बोस शाखा का दीपावली मिलन समारोह



भाविप सुभाषचंद्र बोस शाखा का दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ।

**उदयपुर।** भारत विकास परिषद सुभाष शाखा का दीपावली मिलन कार्यक्रम तुलसी निकेतन विद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के स्टेट कोऑर्डिनेटर और विभिन्न नगर निकायों के स्वच्छता न्याय मित्र के के गुप्ता रहे। केके गुप्ता ने कहा कि हमारे देश में बहुत सारे प्रधानमंत्री आए और अपना कार्यकाल पूरा करके चले गए लेकिन आज उनका नाम कोई नहीं जानता है तथा उनकी कोई विशेष उपलब्धियां नहीं रही है लेकिन वर्तमान समय में हिंदुस्तान के इतिहास में हमें नरेंद्र मोदी जैसे यशस्वी प्रधानमंत्री तथा लोह पुरुष के रूप में एक नई पहचान बनाने वाले आदरणीय गृहमंत्री अमित शाह का सानिध्य देशवासियों को प्राप्त हो रहा है तथा इन दोनों महान विभूतियों ने हिंदुस्तान देश का नाम विश्व पटेल पर गौरांवित किया है।

गुप्ता ने कहा कि मोदी और शाह ने देशवासियों को सुरक्षा के साथ-साथ सुरक्षित माहौल दिया है। विकास की गति को दूनियां के सामने लोहा लेकर न केवल चांद पर झण्डा फहराया, कोविड जैसी महामारी में वैक्सीन का सबसे पहले निर्माण कर देशवासियों को नि:शुल्क वैक्सीन तथा अन्य देशो को भी वैक्सीन उपलब्ध करवाने जैसा कार्य कर दूनिया में भारत का सम्मानब?ाया श्?द्धप्द्ध दूश्मन को घर में जाकर ठोकना, रूस और युक्रेन के युद्ध में हिन्दुस्थान के 40,000 नौजवानों को युद्ध रूकवा कर सुरक्षित अपने वतन पर लाना कोई ईश्वरीय शक्ति या जादुई चमत्कार से कम नहीं था। लोकतंत्र में गरीबों के घर 12 करोड़ शौचालय बनवाना, एक्सप्रेस हाईवेज का निर्माण, वन्दे भारत जैसी ट्रेनों का जाल बिछाना, एयरपोर्टस का जगह-जगह निर्माण करना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर सड़क , पानी, बिजली योजना बनाना, गरीबों को आवास उपलब्ध करवाना, शुद्ध पर्यावरण हेतु अनेको उपाया करना, आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त ईलाज करना, यूपीआई जैसी योजना चलाना जिससे मोबाईल द्वारा भूगतान व्यवस्था करना बड़ी उपलब्धि है।

गुप्ता ने जल गुरु डॉ पी सी जैन को प्रणाम करते हुए कहा कि इनसे प्रेरणा लेकर डूंगरपुर नगर परिषद् देश और प्रदेश की एकमात्र नगर पालिका बनी जिसने सभी जल संरक्षण करने वाले भवन मालिकों को पूर्ण आर्थिक सहयोग दिया जिसकी वजह से डूंगरपुर का जलस्तर बढ गया। प्लास्टिक को गंभीर पर्यावरण का दुश्मन मानते हुए उन्होंने कहा कि इसके हेतु मैं सभी तरह का सहयोग देने को तैयार हूं ताकि हम उदयपुर को प्लास्टिक मुक्त शहर बन सके।दीपावली मिलन कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर गीत श्रीमती मंजू सनाढ्य, कविता श्याम मतवाल एवं राष्ट्रीय गीत हम करें राष्ट्र आराधन का सामूहिक वाचन डॉ. पी सी जैन ने तथा जोक्स अशोक धूपिया ने सुनाई।

शाखा सचिव श्री शोभा लाल दशोरा ने इस वर्ष में अभी तक किए गए कार्यक्रमों का विस्तृत वर्णन सुनाया तथा सभी सदस्यों से आगे भी अपना अपना सक्रिय सहयोग देने का निवेदन किया। वित्त सचिव निर्भय बाबेल खर्च का संक्षिप्त विवरण दिया। प्रांतीय संयोजक ऋषभ जैन ने पञ्च प्रण, सामाजिक समरसता , कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी का प्रयोग, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी सदस्यों से सहयोग देने का आग्रह किया।क्षेत्रीय महिला सम्मेलन में आर्थिक सहयोग देने के लिए श्रीमती सरला बांठिया एवं सुशील जी बांठिया का स्वागत किया गया। क्षेत्रीय महिला सम्मेलन में डॉ. पीसी जैन द्वारा निर्देशित नाटिका जल संचय में भाग लेने वाली महिला सदस्यों का भी उपरणा ओढाकर स्वागत किया गया। कमलेश पोकरना एवं एडवोकेट श्वेता पोकरना के नए सदस्य बनने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. श्रीमती मंजू जैन एवं भजनलाल गोयल ने की। मंच संचालन भूपेश खमेसरा ने किया।

## संक्षिप्त

### इज्तेमाई शादी में 21 जोडो का निकाह

उदयपुर, । शबाबे अहले सुन्नत ग्रुप की ओर से रविवार को दूसरा सुन्नी आम इत्जेमाई शादी का आयोजन मल्लाह तलाई स्थित चिश्तिया गार्डन में सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी अब्दुल अजीज सिन्धी ने बताया कि इस सामूहिक सम्मेलन में 21 जोडो ने एक दूसरे का साथ कबूला। ग्रुप के सदस्य आजाद हुसैन शैख ने बताया कि सुबह 11.30 बजे मल्लाह तलाई स्थित छीपा नोहरे से बरात महफलि ए मिलाद से रवाना हो कर चिश्तिया गार्डन पहुंची। जहां मस्जिद के इमाम मोहम्मद इश्हाक अकबरी ने सभी जोडो को निकाह पढाया। निकाह के बाद देश में अमन चैन खुशहाली की दुआं मांगी। सैयद शादाब अली ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर इस अहले शबाब ग्रुप के सदस्य सैयद नवाब अली, इदरीस डायर,शब्बीर मंसूरी, रऊफ सहित ग्रुप के सदस्यो ने सहयोग किया।

### टेक्टर ने आदमी को पीछे से मारी टक्कर,

डूंगरपुर। जिले के रामसागडा थाना क्षेत्र के रेटा से विकासनगर मार्ग पर पैदल आ रहे राहगीर को एक टेक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे गंभीर घायल युवक की मौत हो गई। परिजन ने टेक्टर चालक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने परिवाद लेकर अनुसंधान शुरू किया। बॉडी: रामसागडा थाना क्षेत्र के रेटा निवासी जीवराम पुत्र कमजी मीणा ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि 1 नवंबर को उसका भाई कचरुलाल रेटा होकर विकासनगर गांव में पैदल काम पर जा रहा था। दोपहर को करीब 11.30 बजे रेटा मोबाइल टावर के पास पैदल चलते समय पीछे एक टेक्टर चालक के तेज गति से आते हुए लापरवाही पूर्वक कचरुलाल को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसके शरीर पर गंभीर प्रवृति की चोट आई। वही टेक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पास में एक किराणा व्यापारी ने घायल कचरुलाल को सीएचसी गैजी ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे डूंगरपुर अस्पताल रैफर कर दिया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में शिफट कर दिया। आज परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वही शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सुपुर्द किया।

### विवेक दोषी युवक महासंघ के अध्यक्ष

**डूंगरपुर।** अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक युवक महासंघ डूंगरपुर के चुनाव शनिवार को श्री सम्भवनाथजी परिसर में सम्पन्न हुए। कार्यक्रम में विशा हुमड श्वेतांबर समाज संघ के अध्यक्ष पूरणमल दावड़ा, दशा पोरवाल संघ के गणेश मोदी, सेठिया समाज से अशोक सेठिया, युवक महासंघ के संरक्षक पवन दोषी, गजेंद्र, पारस मलासिया, संजय, आनंदजी कल्याणजी पेढि के डूंगरपुर के प्रतिनिधि सिद्धार्थ मेहता, अभय व सभी समाज के नवयुवक मंडल अध्यक्ष एवं सदस्य की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम वर्तमान अध्यक्ष आलोक शाह द्वारा सभी संघ के अध्यक्ष और संरक्षक मंडल का माल्यार्पण द्वारा स्वागत व उद्बोधन किया गया तत्पश्चात सचिव मिलन पटवा द्वारा किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया साथ ही कोषाध्यक्ष हितेश दावडा द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वर्तमान टीम का कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात नई कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जिसमें सर्वसम्मति से विवेक दोसी को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया।

# शिक्षा केंद्रित सम्मेलन सीड में भाग लेने उदयपुर पहुंचे विशेषज्ञ

**उदयपुर।** सोमवार को विद्या भवन ऑडिटोरियम में आयोजित सुस्थिरता, पर्यावरण, शिक्षा एवं समावेशी विकास पर केंद्रित राष्ट्रीय सम्मेलन सीड 2025 में भाग लेने प्रतिष्ठित विशेषज्ञ उदयपुर पहुंचे। विद्या भवन के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार तायलिया तथा मुख्य संचालक राजेंद्र भट्ट ने बताया कि प्रथम सत्र शिक्षा व पर्यावरण पर होगा जिसमें आई आई एम के पूर्व निदेशक जनत शाह , पूर्व कुलपति एवं राज्यपाल के सलाहकार प्रो के सी सोडाणी, सिंघानिया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पृथ्वी यादव , प्रसिद्ध समाजशास्त्री डॉ रमेश अरोडा , सेंटल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन के संयुक्त निदेशक डॉ दीपक पालीवाल अपने विचार रखेंगे। दूसरा सत्र जलवायु परिवर्तन एवं सुस्थिर विकास पर होगा जिसमें पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार की एनवायरमेंटल अपराईजल कमिटी के अध्यक्ष आइपीएस मथारू, राजस्थान के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ वेंकटेश शर्मा, भारत के पूर्व जल कमिश्नर महेंद्र मेहता, आई आई टी मुंबई के प्रो कपिल गुप्ता, इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट की सीनियर फैलो डॉ अनुराधा सेन मुकर्जी उद्बोधन देंगे। पर्यावरण के संदर्भ में स्वास्थ्य, आनंद एवं सौहार्द पर आयोजित तीसरे सत्र में आई ए एस कुलदीप रांका, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस एस सारंगदेवोत, प्रसिद्ध समाजशास्त्री प्रो राजीव गुप्ता, डेनमार्क की वॉटर डिप्लोमेट डॉ अनीता के शर्मा , नाना पाटेकर द्वारा स्थापित नाम फाउंडेशन के सीईओ गणेश थोराट अपने विचार रखेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव( उच्च एवं तकनीकी शिक्षा) कुलदीप रांका करेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्तव्य भारत सरकार के शिक्षा सचिव संजय कुमार का होगा । सम्मेलन के विशिष्ठ अतिथि संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमाणी, उद्योगपति अरविंद सिंघल, जे पी अग्रवाल, शिक्षाविद शशांक वीरा होंगे ।

# ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा में शामिल हुए 84 फीसदी परीक्षार्थी

- एक घंटे पहले बायोमेट्रिक पहचान के बाद हुई एंट्री, उदयपुर में 121 केन्द्रों पर हुई परीक्षा

**उदयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान में ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) परीक्षा के तहत उदयपुर में भी 121 सेंटर्स पर परीक्षा हुई । एक ही पारी में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक यह परीक्षा हुई । उदयपुर में 38 हजार 94 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे जिनमे से 84 फीसदी परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी ।

परीक्षा केंद्र के बाहर सुबह 8 बजे से अभ्यर्थियों की भारी भीड पडने लगी। जहां वे प्रवेश खुलने का इंतजार करने लगे। हालांकि एंट्री 9 बजे से 10 बजे के बीच दी गई। जोधपुर समेत कई क्षेत्र से आए कैंडिडेट शनिवार रात को ही बस हडताल के कारण जल्दी आ गए थे।परीक्षा से एक घंटे पहले सुबह 10 बजे तक परीक्षार्थियों को एंट्री मिली। बायोमैट्रिक्स से अभ्यर्थियों की पहचान होने के बाद उन्हें परीक्षा में बैठने दिया गया। इस परीक्षा में कुल 200 अंकों के 160 प्रश्न हल करने थे जिनके लिए कुल तीन घंटे का समय दिया गया । अभ्यर्थियों को औसतन प्रत्येक प्रश्न के लिए 67.5 सेकंड का समय मिला ।नए बदलाव में गूगल लोकेशन वाली सुविधा उदयपुर के सेंटर्स पर आने वाले परीक्षार्थियों को भी मिली। इसके अलावा ड्रेस कोड और एक ही पारी में परीक्षा के नियम भी आज से प्रभावी हुए हैं। परीक्षा को लेकर 21 फ्लाइंग स्क्वायड भी बनाई जिन्होंने अलग.अलग सेंटर्स पर चेंकिंग की । इसमें एक प्रशासनिक अधिकारी के साथ शिक्षा अधिकारी और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे । सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए केंद्र पर कडे इंतजाम किए गए हैं।परीक्षार्थियों ने बताया कि बोर्ड के नए लोकेशन फीचर से काफी हेल्प मिली है। बोर्ड की वेबसाइट पर एडमिट कार्ड पोर्टल पर ष्फाइंड माय कॉलेजष् और ष्फाइंड माय सेंटरष् पर क्लिक करके और अपना रोल नंबर अपलोड करके सीधे एग्जाम सेंटर की लोकेशन देखी जा सकती है। इस परीक्षा के लिए उदयपुर के सरकारी और निजी स्कूलों में सेंटर बनाए गए है। इसके लिए 20 किमी सबसे दूर एक्जाम सेंटर पीएम श्री काया स्कूल को बनाया गया।

## सार-समाचार

### एकादशी पर शालिग्राम-तुलसी का विवाह

**कपासन।** देवउठनी एकादशी के अवसर पर रविवार को भगवान रणछोड़ रायजी (शालिग्राम) और तुलसी महारानी का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस विवाह के लिए भगवान रणछोड रायजी की बारात कपासन क्षेत्र के धमाणा गांव के रणछोड़ राय जी मंदिर से राजसमंद जिले के कोटड़ी गांव पहुंची।भक्तों ने किया कन्यादान। मंडप में तुलसी महारानी और शालिठााम भगवान को विराजमान कराया गया। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पाणिठाहण संस्कार संपन्न करवाया। भक्तों ने कन्यादान की सभी रस्में निभाईं और फिर फेरे कराए ओर कन्यादान की सभी रस्में निभाईं। इस दौरान भक्तों ने भगवान शालिठााम की शिला को उठाकर और तुलसी महारानी के पौधे को हाथों में लेकर फेरे लिए। उल्लेखनीय है कि विवाह समारोह की रस्में 27 अक्टूबर से ही शुरू हो गई थीं। इसके तहत प्रतिदिन महिलाओं ने मंदिर में मंगल गीत गाए। विनायक स्थापना, हल्दी रस्म, मायरा की रस्म और बिंदौली भी निकाली गई थी। बारात रवाना होने से पहले निकासी की रस्म भी पूरी की गई।

### पुरानी रंजिश में हिस्ट्रीशीटर की हत्या, आरोपी फरार

**डूंगरपुर ।** जिले के धंबोला थाना क्षेत्र के लिखी मार्ग पर बीती रात सीमलवाड़ा उप प्रधान के पति ने आपसी रंजिश के चलते अपने बेटों के साथ मिलकर एक हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर दी। वही वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वही पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के धम्बोला थानाधिकारी रिजवान खान ने बताया कि लिखी बड़ी निवासी भूपेश सिंह व सीमलवाड़ा उप प्रधान के पति जीवराम अहारी के बीच कोई पुरानी रंजिश चली आ रही थी। बीती रात को सीमलवाड़ा उप प्रधान के पति जीवराम अहारी ने अपने बेटों के साथ लिखी मार्ग पर बाइक से जा रहे भूपेश को रोका और उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी हत्या कर दी। वही मौके से आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस को सूचना मिली थी कि लिखी मार्ग पर लहूलुहान हालत में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की पहचान लिखी बड़ी गांव निवासी भूपेश सिंह के रूप में की। जो कि धम्बोला थाने का हिस्ट्री शीटर भी है। पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही आज सुबह पुलिस व एफएसएल की टीम घटना स्थल पर पहुंची और मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। वही आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

### सीसीटीवी में चोरी करते 3 बदमाश

**उदयपुर, (का.स.) ।** उदयपुर शहर में वाहन चोरों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में ठक्कर बप्पा कॉलोनी में अज्ञात चोर एक नगर निगम कर्मचारी की बुलेट चोरी कर ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बताया जा रहा है कि नगर निगम में जमादार के पद पर कार्यरत महेन्द्र वा ल्मीकि ने अपनी बुलेट बाइक घर के बाहर खडी की थी।रात में तीन अज्ञात बदमाश आए और बाइक चोरी कर ले गए। सुबह महेन्द्र ने बाइक गायब देख आसपास तलाश की लेकिन सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो चोरी का पता लगा। सीसीटीवी फुटेज में तीन बदमाश बाइक का लॉक तोडकर उसे ले जाते हुए दिख रहे हैं। महेन्द्र ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सूरजपोल थाने में प्रकरण दर्ज कराया है। वहीं पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले भी शोभागपुरा क्षेत्र में नाई निवासी रमेश मेघवाल की बाइक एक होटल के बाहर से चोरी हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। जिसमें पूरी वारदात दिख रही है।

### श्रीमाली का जन्मदिन मनाया

उदयपुर, । भाजपा के पूर्व शहर जिला अध्यक्ष और पूर्व यूआईटी चेयरमैन रविंद्र श्रीमाली का जन्मदिन रविवार को मनाया गया। इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया और उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, विधायक फूल सिंह मीणा ने श्रीमाली का उपरणा ओढ़ा स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष तख्त सिंह शक्तावत, अतुल चंडालिया, किरण जैन के साथ-साथ भाजपा के मंडल अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजस्थान में हरियाणा मॉडल की तर्ज पर व्यावसायिक शिक्षा लागू करने की मांग

**डूंगरपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने राज्य में व्यावसायिक शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल सुधार की मांग करते हुए हरियाणा मॉडल की तर्ज पर राजस्थान मॉडल लागू करने की अपील की है। संगठन ने कहा कि पिछले दस वर्षों से सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा ठेका प्रणाली के तहत संचालित हो रही है, जिसके कारण प्रशिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा और शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। संगठन के जिला अध्यक्ष शंकरलाल कटारा, जिला मंत्री सुदर्शन सिंह चौहान और जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि ठेका प्रणाली में लगातार अनियमितताएं सामने आ रही हैं। ठेकेदार कंपनियां योग्य प्रशिक्षकों को समय पर भुगतान नहीं कर रही हैं, जिससे व्यावसायिक शिक्षकों में गहरा असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को टेंडर प्रणाली समाप्त कर हरियाणा की तरह व्यावसायिक शिक्षा का संचालन सीधे सरकारी स्तर पर करना चाहिए तथा सभी प्रशिक्षकों का बकाया वेतन तत्काल जारी किया जाना चाहिए। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ऋषिन चौबीसा, मंडल उपाध्यक्ष देवीलाल पाटीदार और विभाग संगठन मंत्री प्रवीण जैन ने कहा कि अन्य राज्यों की तर्ज पर राजस्थान में भी प्रशिक्षकों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, महिला प्रशिक्षकों को मातृत्व अवकाश, पुरुष प्रशिक्षकों को पितृत्व अवकाश और आपात स्थिति में मेडिकल लीव की सुविधा दी जानी चाहिए। संगठन ने यह भी मांग की कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रशिक्षकों के मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि की जाए। हाल ही में हटाए गए 2,900 व्यावसायिक प्रशिक्षकों (वीटी) को हरियाणा मॉडल के अनुरूप पुन: नियुक्त करने की मांग भी की गई है, ताकि योग्य प्रशिक्षकों को पुन: कार्य का अवसर मिल सके। संगठन के पदाधिकारियों बलवंत बामणिया, दिलीप सिंह चौहान, निर्मला पारगी, भारत सिंह राणावत, रामलाल कटारा, राजेश पाटीदार, पोपटलाल कटारा, राजेन्द्र मीणा, दक्षा कलाल, मनोहर सिंह रेलड़ा, संध्या गर्ग, गोविन्द कुंवर चौहान, दिनेश मीणा, नानूराम कटारा, सुखराम लबाना, , दिनेशचन्द्र रेबारी, करण सिंह चौहान , प्रकाश व्यास, महेंद्र सिंह चौहान, देवानंद उपाध्याय ,हितेश उपाध्याय, लक्ष्मण लाल खराड़ीऔर कमलेश भगोरा ने भी इस मांग का समर्थन किया। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि राज्य सरकार को शिक्षा की गुणवत्ता और प्रशिक्षकों की आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ठेका प्रणाली तुरंत समाप्त कर स्थायी नीति लागू करनी चाहिए, ताकि राजस्थान में व्यावसायिक शिक्षा अधिक पारदर्शी, स्थिर और प्रभावी बन सके।

# विप्र फाउंडेशन का दीपावली स्नेह मिलन

**सागवाड़ा।** एक्सीलेंस रिसर्च सेंटर खुलेगा, सामूहिक यज्ञोपवीत ओर विवाह के आयोजन होंगे डूंगरपुर। विप्र फाउंडेशन डूंगरपुर की ओर दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बेहतरीन कार्य करने वाली विप्र फाउंडेशन की इकाइयों, प्राधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। सागवाड़ा में विप्र फाउंडेशन के एक्सीलेंस रिसर्च सेंटर खुलेगा। वही विप्र फाउंडेशन की ओर से सामूहिक यज्ञोपवीत ओर विवाह कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। शहर के पास प्रगति कॉलेज में आयोजित विप्र फाउंडेशन के दीपावली स्नेह समारोह का भगवान परशुरामजी के सामने दीप प्रज्वलन ओर मंगल आरती के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश वरिष्ठ सचिव अनुराग पाठक रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला संरक्षक तेज प्रकाश जोशी, विनोद त्रिवेदी सिद्धि कॉलेज, सागवाड़ा, जयप्रकाश चौबीसा, जिला महिला अध्यक्ष रोशनी पंड्या, जिलाध्यक्ष ललित उपाध्याय, जिला महामंत्री प्रशान्त चौबीसा शामिल रहे। अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री विनोद जोशी ने की। मुख्य अतिथि अनुराग पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि विप्र फाउंडेशन द्वारा युवा, महिला एवं समाज हित में जो कार्य किया जा रहा है, वह गौरव का विषय है। जिले की श्रेष्ठ इकाइयों आंतरी, देवला, गणेशपुर, मोवाई, पूंजपुर, अंतिया, तालोरा, सेमलिया, साबला, भाडगा, सागवाड़ा और वरवासा को सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ तहसील अध्यक्षों में साबला तहसील अध्यक्ष कल्पेश शास्त्री, दोवड़ा तहसील अध्यक्ष डी.के. उपाध्याय एवं सागवाड़ा तहसील अध्यक्ष ललित पूंजोत को भी सम्मानित किया गया। जिला समन्वय समिति का गठन किया गया। जिसमें जयप्रकाश चौबीसा को अध्यक्ष घोषित कर सम्मानित किया गया। प्रदेश समन्वय समिति के सदस्य कमला शंकर चौबीसा का भी अभिनंदन किया गया। कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमेंद्र चौबीसा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए युवा उपाध्यक्ष सुदीप चौबीसा सहित 10 नए सदस्यों को जोड़ा। इस अवसर पर विनोद त्रिवेदी ने सागवाड़ा में मंदिर निर्माण एवं एक्सिलेंस रिसर्च सेंटर का सब-सेंटर खोलने की घोषणा की। वहीं अध्यक्ष विनोद जोशी ने पुनाली में आगामी 2-3 माह में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष ललित उपाध्याय ने कहा कि विप्र फाउंडेशन जल्द ही सभी ब्राह्मण समाज को एकजुट कर सामूहिक यज्ञोपवीत, सामूहिक विवाह ओर आर्थिक रूप से कमजोर विप्रजनों को सहयोग देने का भी काम करेगा।


**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम लाक्षकी शर्मा (LAKSHKI SHARMA) पुत्री श्री राजेश कुमार शर्मा (RAJESH KUMAR SHARMA) है लेकिन त्रुटीवश कुछ दस्तावेजों में लाक्षाकी शर्मा (LAKSHAKI SHARMA) दर्ज हो गया है। अत: मेरा सही नाम लाक्षकी शर्मा (LAKSHKI SHARMA) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

लाक्षकी शर्मा (LAKSHKI SHARMA)
निवासी: सिविल लाइन के पीछे,
अयोध्यापुरी कांकरोली जिला राजसमन्द


# मालदास स्ट्रीट व्यापारी संस्था का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

- पदाधिकारियों को चेंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के अध्यक्ष पारस सिंघवी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई



मालदास स्ट्रीट व्यापारी संस्था का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**उदयपुर, ।** मालदास स्ट्रीट व्यापारी संस्था का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि चेंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के अध्यक्ष पारस सिंघवी, विधायक उदयपुर शहर ताराचंद जैन, विधायक उदयपुर ग्रामीण फूल सिंह मीणा, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, पूर्व राज्यमंत्री हरीश राजानी, एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के कार्यकारी अध्यक्ष हिम्मत बडाला सहित अनेक गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे।

संस्था के अध्यक्ष लोकेश कोठारी, महामंत्री अर्पण जैन,कोषाध्यक्ष पवनेश चौधरी सहित सभी पदाधिकारियों को चेंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के अध्यक्ष पारस सिंघवी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।शपथ ग्रहण में नवगठित पदाधिकारियों में सांस्कृतिक मंत्री गजेन्द्र खाब्या, उपाध्यक्ष सौरभ जैन, मंत्री लोकेश चौधरी, सलाहकार एवं सुन्दर सिंह भंडारी मंडल अध्यक्ष रुचिका चौधरी, प्रचार प्रसार मंत्री निर्मल चेलावत, संगठन मंत्री उमेश जांगिड, कार्यालय मंत्री मयंक जैन, सह कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, सह संगठन मंत्री प्रवीण सांखला एवं मीडिया प्रभारी अनिल चावला शामिल रहे।

# झूठ और जुमलों की सरकार, नौजवान और किसान लाचार : भगोरा

**डूंगरपुर ।** अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के पूर्व सचिव एवं पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने रविवार को बयान जारी कर केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार पर आरोप लगाएं है। भगोरा ने कहा है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार झूठ और जुमलों की सरकार बनकर रह गई है। ना तो किसान, ना नौजवान और ना ही अंतिम छोर पर बैठे गरीब और कमजोर व्यक्ति तक राहत पहुंच रही है। भाजपा केवल एजेंडे विशेष पर काम कर रही है, जनमंगल और जनता के कल्याण से इनका कोई सरोकार नहीं है। भगोरा ने बयान में कहा है कि तत्कालीन यूपीए शासनकाल में लाई गई रोजगार की गारंटी वाली महात्मा गांधी नरेगा योजना को मौजूदा भाजपा की डबल इंजन सरकार ने षडयंत्रपूर्वक कमजोर और तबाह करने का काम किया है। मनरेगा में श्रमिक नियोजन की औपचारिकता की जा रही है, श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। श्रम एवं सामठाी मद के भुगतान में देरी से व्यापारी एवं श्रमिकों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। लेकिन भाजपा की सरकारें इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। भगोरा ने कहा कि भाजपा राजनैतिक द्वेष के चलते मनरेगा को कमजोर कर रही है। मनरेगा योजना यूपीए शासनकाल में लाई गई, ऐसे में भाजपा चाहती है कि इस योजना को कमजोर कर दिया जाएं ताकि इसका श्रेय कांठोस को नहीं मिले। भगोरा ने कहा कि मनरेगा दक्षिणी राजस्थान के कमजोर, गरीब और जरूरतमंद परिवारों की जीवनरेखा साबित हुई है। भगोरा ने कहा कि जब वे जिला प्रमुख थे, तब योजना में श्रमिक नियोजन का रिकार्ड बना था। एक साथ 4 लाख लेबर नरेगा कार्यो पर नियोजित हुई थी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत टेकण, पंचायत समिति लसाड़िया, जिला सलूम्बर**

क्रमांक: निविदा/2024-25/ग्र.प./351 दिनांक: 29.10.25

**खुली ई निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टेकण में निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत कुल 1 कार्य कुल राशि 8.00 लाख हेतु पंजीकृत संवेदकों/फर्मो के माध्यम से ऑन लाईन ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसकी ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम दिनांक 6.11.2025 है। विस्तृत विवरण/जानकारीwww.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. ZUD2526WSOB02304

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत टेकण
पं.स. लसाड़िया, जिला-सलूम्बर

प्रशासक
ग्राम पंचायत टेकण
पं.स. लसाड़िया, जिला-सलूम्बर